मुख्य विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर की अध्यक्षता में दिनांक 09.11.2022 को जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक निर्माण तथा पानी कनेक्शन के सत्यापन की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।

उपस्थिति

1– जिला विकास अधिकारी
2– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण
3– प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी, चरगॉवा
4– पी0ओ0यू0पी0नेडा
5– जिला ग्रामोद्योग अधिकारी
6– भूमि संरक्षण अधिकारी
7– सहायक आयुक्त, सहकारिता
8– कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य
9– जिला कृषि रक्षा अधिकारी
10– अधीक्षक राजकीय उद्यान
11– खण्ड विकास अधिकारी,पिपराईच, खजनी, गोला, ब्रम्हपुर, बांसगांव, भटहट, जं0कौ0, पाली,बड़हलगंज, कौड़ीराम, व सरदारनगर।
12– श्री सरोज जेना, डी0जी0एम0, एन0सी0सी0
13– श्री प्रसाद, तकनीकी अधिकारी, एन0सी0सी0
14– प्रोजेक्ट मैनेजर, ऋत्विक कोया
15– टीम लीडर मेधज व अन्य
16– डी0पी0एम0यू0,स्टाफ
17– समस्त अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण

दिनांक 09–11–2022 को पूर्वान्ह 11.00 बजें से बैठक प्रारम्भ किया गया। बैठक के समय उपरोक्त अधिकारी उपस्थित थें। जनपद गोरखपुर में मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, हैदराबाद फर्म एवं जल निगम ग्रामीण द्वारा जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत, पेयजल परियोजनाओ (ओवर हैड टैंक आदि निर्माण) निर्धारित मानक के अनुसार गुणवत्तायुक्त हो रहा है, या नहीं का स्थलीय सत्यापन हेतु जनपदस्तरीय अधिकारियो को विकास खण्डो का नोडल अधिकारी नामित कर सत्यापन का कार्य कराया जा रहा है।

जिला विकास अधिकारी गोरखपुर द्वारा विकास खण्ड खजनी में ग्राम पंचायत बदरा में निर्मित ओवर हेड टैंक का सत्यापन किया गया। ओवर हेड टैंक अगस्त 2020 से निर्मित है, जो जनवरी 2021 तक पूर्ण कर लेना था, परन्तु अभी तक कार्य पूर्ण नही हुआ है। कार्य की प्रगति बहुत धीमी है। ग्राम पंचायत में पानी कनेक्शन भी नही किया गया है।

बैठक में उपस्थित श्री सरोज जेना, डी0जी0एम0 एन0सी0सी0 एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि कार्य में तेजी लाया जाय तथा ग्राम पंचायत में शत–प्रतिशत पानी कनेक्शन का कार्य पूर्ण किया जाय।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0)**

सहायक आयुक्त, सहकारिता द्वारा अवगत कराया गया कि आवंटित विकास खण्ड पिपराईच के ग्राम पंचायत सिसवा उर्फ चनकापुर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय बाउण्ड्रीवाल में प्रयोग की जा रही ईट की क्वालिटी बहुत ही खराब पायी गयी।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा बाउण्ड्रीवाल को तोड कर उच्च गुणवत्ता का ईट एवं अन्य सामग्री प्रयोग करते हुये मानक के अनुसार बाउण्ड्रीवाल निर्माण कराने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0)**

जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड पाली में 10 एवं सहजनवॉ में 10 ग्राम पंचायतो का स्थलीय सत्यापन किया गया। विकास खण्ड सहजनवॉ में कार्य अपूर्ण पाया गया है तथा विकास खण्ड पाली में बोरिंग करके छोड़ा गया है। ग्राम पंचायतो में कही भी पानी की सप्लाई नही पायी गयी है।

खण्ड विकास अधिकारी पाली द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत पनिका मे पानी की कोई टंकी नही बनी है ना ही कोई पानी का कनेक्शन दिया गया है। जबकि सूची में 146 लोगो को पानी का कनेक्शन दिया जाना दर्शाया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त के सम्बन्ध में मेसर्स एन0सी0सी0 एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम से स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा जितने भी ग्राम पंचायत में पानी का कनेक्शन दिया गया है लाभार्थीवार सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0)**

अधीक्षक राजकीय उद्यान द्वारा विकास खण्ड बांसगांव में 08 स्थलो का निरीक्षण किया गया जिसमें किसी भी स्थल पर पानी की टंकी का निर्माण नही हुआ है तथा 08 स्थलो पर कोई कार्य शुरू नही हुआ है।।

निर्देशित किया गया कि उक्त स्थलो पर कार्य प्रारम्भ कराकर निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण कराया जाय।।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0)**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य एवं जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन द्वारा किसी भी ग्राम पंचायत में ओवर हेड टैंक का सत्यापन नही किया गया है।

निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित विकास खण्डो के ग्राम पंचायतो का स्थलीय सत्यापन कर तीन दिवस के अन्दर प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध करायें।

**(कार्यवाही–मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य/जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन)**

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा विकास खण्ड गगहा में 05 ग्राम पंचायतो तथा बड़हलगंज में 04 ग्राम पंचायतो का स्थलीय सत्यापन किया गया है। अवगत कराया गया ग्राम पंचायत करवल उर्फ मझगॉवा में रास्ता बन्द था। इसलिये कार्य बन्द पाया गया। पम्पबोरिंग व रूम तथा स्टाफ क्वाटर का कार्य हो चुका है। 8.00 कि0मी0 पाईप लाईन बिछ चुकी है 265 घरो में कनेक्शन दिया गया।।

निर्देशित किया गया कि रास्ता खुलने पर तत्काल प्रारम्भ कराया जाय।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0)**

आचार्य क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड चरगॉवा में ग्राम पंचायत देवीपुर में सड़क के किनारे पाईप डालने हेतु खुदाई चल रही है पाईप कनेक्शन अभी नही हुआ है। ग्राम पंचायत बनकटिया उर्फ इटहिया में टयूबेल ड्रिलींग, पम्प हाउस बाउण्ड्रीवाल, स्टफ क्वाटर सोलर प्लेट एवं पम्प लोरिंग का कार्य पूर्ण है घरो मे पाईप कनेक्शन का कार्य हुआ पाया गया।।

निर्देशित किया गया कि पाइप कनेक्शन का कार्य तीव्रगति से कराकर पूर्ण करायें।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0)

भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड खजनी में ग्राम पंचायत बस्तियों में जमीन पर विवादित होने के कारण कार्य प्रारभ नही हो रहा है। डी0जी0एम0 श्री सरोज जेना द्वारा अवगत कराया गया कि 40 ग्राम पंचायतो में भूमि पर लोकल लोगो का कब्जा तथा स्थानीय स्तर पर विवाद होने के कारण कार्य प्रारम्भ नही हो पा रहा तथा 06 ग्राम पंचायतो में कोर्ट का प्रकरण होने के कारण कार्य नही कराया जा रहा है।

निर्देशित किया गया भूमि विवाद के निस्तारण में खण्ड विकास अधिकारी, लेखपाल, तहसीलदार एवं स्थानीय पुलिस से यथा आवश्यक्ता सहयोग प्राप्त करें तथा निस्तारण के पश्चात कार्य कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/ख0वि0अ0/मे0एन0सी0सी0)

मेसर्स नागार्जुन कस्ट्रक्शन कम्पनी लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि 49 परियोजनाओ पर सोलर पैनल लगाया गया है।

निर्देशित किया गया कि जहॉ पर सोलर पैनल लगाया गया है उसकी सूची उपलब्ध करायें तथा जिन परियोजनाओ पर सोलर पैनल का कार्य होना है उसे एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करायें।।

(कार्यवाही–मेसर्स नागार्जुन कन्स्ट्रक्शन कम्पनी लि0/अधि0अभि0जल निगम, ग्रामीण)

निरीक्षण के दौरान अधिकतर ग्राम पंचायतो में लिकेज होने के कारण पानी की आपूर्ति नही हो रही है।। निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायतो में लिकेज को एक सप्ताह में ठीक कराकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय। सभी खण्ड विकास अधिकारी, नोडल अधिकारी, अवर अभियन्ता जल निगम अपनी सुविधानुसार ग्राम पंचायतो में हो रहे निर्मित/निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक का सत्यापन, पानी कनेक्शन का सत्यापन, ग्राम पंचायतो में पानी की आपूर्ति का सत्यापन करे तथा किसी भी प्रकार की समस्या है तो अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण को अवगत करायें।

बैठक में उपस्थित समस्त अवर अभियन्ता तथा जनपदस्तरीय अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि परियोजनाओ का सत्यापन एक साथ ही करें।

Sanjay 10/11/22
मुख्य विकास अधिकारी
गोरखपुर

पत्रांक 5003 /तद्दिनांकित। 10-11-2022

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– अधिशासी अभियन्ता, दशम खण्ड, जल निगम, ग्रामीण गोरखपुर।
2– समस्त नामित नोडल अधकारी जनपद गोरखपुर को उक्तानुसार सूचनार्थ प्रेषित।
3– जिला विकास अधिकारी, गोरखपुर।
4– जिलाधिकारी, गोरखपुर।

Sanjay 10/11/22
मुख्य विकास अधिकारी
गोरखपुर